# बिहार सरकार
## लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

## कार्यालय आदेश

का0आ0संख्याः–1/एम0–1–103/2025– 08 /पटना/दिनांक– 19.03.2025

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार अंतर्गत विभागीय कार्यबोझ एवं उपलब्ध संरचना का अध्ययन एवं समीक्षा कर पेयजलापूर्ति योजनाओं के बेहतर एवं सुचारू रूप से संचालन हेतु लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के अंतर्गत निगम का गठन किये जाने एवं निगम के गठन के फलस्वरूप पूर्व से विभाग अंतर्गत कार्यरत बिहार राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन की प्रासंगिकता इत्यादि का अध्ययन कर उसके विघटन किये जाने संबंधी प्रस्ताव पर विचारोपरांत प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु विभागीय कार्यालय आदेश सं0–02–सह–पठित ज्ञापांक–12, दिनांक–08.01.2025 द्वारा एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया था। उक्त गठित समिति के अध्यक्ष के सेवानिवृत्ति के उपरांत समिति को निम्नवत् पुनर्गठित किया जाता है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री नित्यानन्द प्रसाद,<br>अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय)<br>लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना | – | अध्यक्ष |
| 2. | श्री दया शंकर प्रसाद,<br>मुख्य अभियंता, दक्षिणी बिहार,<br>लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (मुख्यालय),<br>बिहार, पटना | – | सदस्य |
| 3. | श्री अरविन्द कुमार,<br>संयुक्त सचिव,<br>लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग,<br>बिहार, पटना | – | सदस्य |
| 4. | श्री राम प्रवेश यादव,<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार,<br>लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना | – | सदस्य |
| 5. | श्री हरे राम,<br>मुख्य अभियंता (रूपांकण) के प्रावैधिक सचिव,<br>लोक अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना | – | सदस्य |

19/3/25

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय)

ज्ञापांक–1/एम0–1–103/2025– 159 /पटना,दिनांक– 19.03.2025

प्रतिलिपिः–अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय/कार्य प्रबंधन)/सभी मुख्य अभियंता (क्षेत्रीय सहित)/सभी अधीक्षण अभियंता (असैनिक/यांत्रिक)/सभी कार्यपालक अभियंता (असैनिक/ यांत्रिक)/सभी संबंधित पदाधिकारी/मुख्यालय स्थित सभी पदाधिकारी/सभी कोषांग/सभी प्रशाखा पदाधिकारी/विभागीय आई0टी0 मैनेजर को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

19/3/25

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय)

ज्ञापांक–1/एम0–1–103/2025– 159 /पटना,दिनांक– 19.03.2025

प्रतिलिपिः– माननीय मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार के आप्त सचिव/ प्रधान सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

19/3/25

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय)

adi. sec. cell\desktop\section-1\Amisunner's Dran